तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 15 जुलाई 2026


11 जिले में 16 को रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर...

12 80 वर्षीय रामानंद 4 एकड़ जमीन से शुरू कर...













# राजिम नपं को मिला नगरपालिका का दर्जा, अंचल में जश्न का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

धर्मनगरी राजिम के इतिहास में आज का दिन सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो गया है। राजिमवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजिम नगर पंचायत को नगरपालिका का दर्जा दे दिया गया है। इस संबंध में आधिकारिक आदेश छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित कर दिया गया है। इस राजपत्र प्रकाशन के साथ ही अब राजिम नगरपालिका परिषद आधिकारिक रूप से अस्तित्व में आ गई है। इस ऐतिहासिक फैसले के बाद संपूर्ण राजिम नगर में उत्सव का माहौल है। स्थानीय निवासियों, जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू ने इस बड़ी सौगात के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का राजिम नगरवासियों की ओर से आभार जताया। विधायक श्री साहू ने कहा कि यह निर्णय राजिम के चहुंमुखी विकास में मील का पत्थर साबित होगा। आज का दिन हम सभी राजिम वासियों के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक है। राजिम को नगरपालिका का दर्जा मिलना हमारे नगर के विकास को एक नई उड़ान देने की शुरूआत है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबका साथ सबका विकास के संकल्पों के साथ विकास की नई इबारत लिखी है,राजिम को नगरपालिका का दर्जा मिलना भाजपा की सरकार में ही संभव ▶▶|शेष पेज 10 पर

## विकास को मिलेगी नई उड़ान, बजट का बढ़ेगा दायरा : विधायक



### नगरपालिका बनने से राजिम को मिलेंगे ये बड़े फायदे

बता दें कि नगरपालिका बनने से केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न शहरी विकास योजनाओं के तहत मिलने वाले बजट में भारी बढ़ोतरी होगी। साफ-सफाई, जल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट्स और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीक और अधिक अमला उपलब्ध होगा। नगरपालिका में उन्नयन होने से नए उद्योगों, व्यवसायों और पर्यटन विकास को गति मिलेगी जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही प्रशासनिक अमले में बढ़ोतरी होने से आम जनता विभिन्न कार्य अधिक तेजी और पारदर्शिता से पूरे होंगे।




## मांग : दो जिलों के बीच संपर्क का सबसे सुलभ और छोटा मार्ग

# हर बारिश में मौत का सफर बन जाता है कोपरा डूमरपाली एनीकट, पुल का इंतजार बरकरार

गोरेलाल सिन्हा ▶▶| गरियाबंद

▪ मजदूर और आम ग्रामीण इस रास्ते का करते हैं उपयोग

जिले के कोपरा-डूमरपाली एनीकेट पर हर मानसून के दौरान जान जोखिम में डालकर आवागमन करने की मजबूरी एक बार फिर सामने आ गई है। पैरी नदी का जलस्तर बढ़ते ही करीब एक किलोमीटर लंबे एनीकेट के ऊपर से पानी बहने लगता है और गरियाबंद तथा धमतरी जिले को जोड़ने वाला यह सबसे छोटा मार्ग पूरी तरह खतरे में बदल जाता है। इसके बावजूद रोजमर्रा की जरूरतों के कारण हजारों लोग तेज बहाव के बीच इसी रास्ते से आवाजाही करने को विवश रहते हैं। कोपरा-डूमरपाली एनीकेट दोनों जिलों के बीच सबसे सुलभ मार्ग माना जाता है। इसी कारण प्रतिदिन हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं, किसान, व्यापारी, मजदूर और आम ग्रामीण इस रास्ते का उपयोग करते हैं। डूमरपाली, हसदा, खिसोरा, नारधा सहित आसपास के गांवों के किसान रोजाना सब्जी और अन्य कृषि उपज बेचने कोपरा पहुंचते हैं। लेकिन बारिश के दिनों में एनीकेट डूबते ही पूरा आवागमन ठप हो जाता है और दोनों जिलों का संपर्क टूट जाता है। ऐसे में लोगों को कई किलोमीटर लंबा वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ता है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ जाते हैं।



### सर्वे के बाद धीमी पड़ी रफ्तार, प्रशासनिक मंजूरी का इंतजार

ग्रामीणों के अनुसार इस वर्ष पैरी नदी पर प्रस्तावित पुल निर्माण के लिए प्रारंभिक सर्वे का कार्य भी किया गया है, लेकिन इसके बाद प्रक्रिया की रफ्तार धीमी पड़ गई। अब तक शासन स्तर से निर्माण को अंतिम स्वीकृति नहीं मिल सकी है। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र प्रशासनिक मंजूरी और निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो हर मानसून में लोगों को इसी तरह जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि पुल निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाकर वर्षों पुरानी इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

**पहले भी हो चुके हैं हादसे, मंडराता रहता है मौत का साया-** स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष एनीकेट पर पानी चढ़ने के दौरान हादसों का खतरा बना रहता है। पहले भी कई लोग तेज बहाव में बह चुके हैं और कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद मजबूरी में लोग जान जोखिम में डालकर एनीकेट पार करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हर बारिश में यही स्थिति दोहराई जाती है, लेकिन स्थायी समाधान अब तक नहीं निकल पाया है। पैरी नदी पर कोपरा से खिसोरा के बीच स्थायी पुल निर्माण की मांग ग्रामीण कई दशकों से करते आ रहे ▶▶|शेष पेज 10 पर

## भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार...



**राजिम।** अमावस्या में धर्मनगरी राजिम के पवित्र त्रिवेणी संगम स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का भव्य एवं आकर्षक विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर को सैकड़ों दीपों की मनमोहक रोशनी से सजाया गया, जिससे संपूर्ण मंदिर परिसर दिव्य एवं आध्यात्मिक आभा से आलोकित हो उठा। दीपों की सुनहरी आभा और मनोहारी सजावट ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। फूलों, बेलपत्र, धतूरा और आकर्षक सजावट से सुसज्जित शिवलिंग के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## खबर संक्षेप

### आज से सहायक शिक्षक सामूहिक हड़ताल पर



**फिंगेश्वर।** सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के द्वारा अपने मांगों को लेकर विकास खंड शिक्षा अधिकारी फिंगेश्वर को 15 जुलाई को एक दिवसीय सामूहिक हड़ताल के लिए ज्ञापन सौंपा गया है। 7 सूत्रीय मांगों को पूरा करने के लिए नया रायपुर के तूता स्थान में धरना स्थल में फिंगेश्वर विकासखंड के सभी शिक्षक 15 जुलाई को हुंकार भरेंगे और अपनी जायज मांगों के लिए एकत्रित होंगे। ज्ञापन सौंपने वालो में सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार ध्रुव एवं ऋचा रात्रे,लच्छेंद्र साहू, फनेश कंवर, भुवनेश्वर साहू, वर्मा सर शामिल हुए।

### पेंशनर्स समाज भवन का लोकार्पण, शपथ ग्रहण 17 को

**गरियाबंद।** तहसील शाखा गरियाबंद पेंशनर्स समाज के तत्वावधान में 17 जुलाई 2026 को दर्रापारा स्थित नवनिर्मित पेंशनर्स समाज भवन का लोकार्पण, तहसील इकाई के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण तथा पेंशनर्स साथियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से प्रारंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि राजिम विधायक ▶▶|शेष पेज 10 पर

# जोगीडीपा जलाशय में तैरती मिली अधेड़ की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

समीपस्थ ग्राम जोगीडीपा के जलाशय में मंगलवार शाम पानी में तैरता हुआ एक व्यक्ति का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर 7 बजे रात को पहुंची और शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी निगम साहू, उम्र 52 वर्ष के रूप में हुई है। ग्रामीणों को शाम लगभग 5 बजे जलाशय में एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया। सूचना पर ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। मृतक के भाई प्रकाश साहू ने शाम 7 बजे थाना फिंगेश्वर, सरपंच और ग्राम प्रमुख को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जयप्रकाश नेताम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस ने जलाशय का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि मृतक के आसपास पानी में मछली पकड़ने की जाली फैली हुई थी और एक थैला उनके गले में लटकी हुई थी। पुलिस ने रात 8 बजे शव को पानी से बाहर ▶▶|शेष पेज 10 पर



# पुराने बस स्टैंड पर दुकान की छत काटकर 30 हजार पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर में चोर गिरोह सक्रिय।पुलिस पेट्रोलिंग वाले मार्ग पर पुराने बस स्टैंड पर मनोज बूट हाउस से 13 जुलाई की दरमियानी रात मे अज्ञात चोरो ने चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए दूकान के गल्ले मे रखे नकद 30 हजार रूपया उड़ा दिया जिसके चलते पुलिस ग"त की पोल खुल गई।इसी प्रकार नगर के घरों के आंगण से अज्ञात चोरो ने पानी पीने का बोर मशीन एवं केबल तार चोरी कर हजारो रूप्ये का चूना लगाया है जिसे भी पुलिस ढूंढने मे सफल नही हो पाई है। बता दे कि नगर के सबसे व्यस्तम मार्ग पुराने बस स्टैंड प्रार्थी मनोज टांडेकर की छोटी सी जूते चप्पल की दूकान है जिसे 13 एवं 14 जुलाई की दरमियानी रात मे अज्ञात चोरो ने टीन शेड की छत काटकर अंदर प्रवेश किया और करीब 30 हजार रुपये नकदी पर हाथ साफ कर दिया।



वारदात सीसीटीवी में कैद

पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें चोर दुकान के अंदर चोरी करते हुए दिखाई दे रहा है।सुबह जब दुकानदार दुकान पहुंचा तो छत कटा हुआ था जिससे देखकर उसके होश उड़ गए।घटना की सूचना तत्काल फिंगेश्वर पुलिस को ▶▶|शेष पेज 10 पर

## सम्मान समारोह और सेवा कार्यों से भक्तिमय हुआ राजिम

# भक्ति का सैलाब, साईं बाबा स्थापना दिवस पर पालकी यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

श्री साईं बाबा स्थापना दिवस एवं वार्षिक उत्सव के अवसर पर राजिम नगर में श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर भव्य पालकी यात्रा, सम्मान समारोह, सामाजिक सेवा गतिविधियों तथा धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों ने सहभागिता निभाई।कार्यक्रम के दौरान महेश यादव ने समस्त नगरवासियों की सुख-समृद्धि एवं सलामती की कामना करते हुए श्री साईं बाबा से प्रार्थना की। उन्होंने साईं सेवा संस्थान, राजिम द्वारा लगातार सामाजिक, धार्मिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से लोगों को साईं बाबा के बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने संस्थान प्रमुख मोहन ठाकुर का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि साईं मंदिर में आने वाले सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण हों, यही उनकी साईं बाबा से प्रार्थना है। संस्थान प्रमुख मोहन ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, भारत यादव, लाला साहू, आकाश राजपूत, बलराम यादव सहित नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। इसके साथ ही गुरुजनों एवं समाजसेवियों में दुर्गा सिंह ठाकुर अध्यक्ष, ग्राम विकास समिति टेका, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, भवानी साहू, दानेश्वर ▶▶|शेष पेज 10 पर






### पहाड़ों पर बदहाल जिंदगी, बिना सड़क प्रसूता का इलाज मुश्किल, कई के आधार कार्ड तक नहीं

# बुनियादी हक को तरस रही भुंजिया जनजाति घोंटियादादर में न सड़क, न बिजली, न पानी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

एक तरफ सरकार विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान पर करोड़ों रुपये खर्च करने और अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के दावे कर रही है। वहीं दूसरी तरफ गरियाबंद जिले का सिकासार जलाशय क्षेत्र इन दावों की सच्चाई बयां करता दिखाई देता है। यहां पहाड़ों पर बसे विशेष पिछड़ी भुंजिया जनजाति के परिवार आज भी उसी तरह अभाव, बेबसी और उपेक्षा के बीच जीवन जीने को मजबूर हैं, जैसे मानो विकास की रोशनी कभी इस इलाके तक पहुंची ही न हो। सिकासार जलाशय क्षेत्र के पहाड़ों पर स्थित घोंटियादादर मोहल्ला आज भी सरकारी उपेक्षा की जीती-जागती तस्वीर बना हुआ है। यहां तक पहुंचने के लिए आज तक सड़क नहीं बन सकी। ग्रामीणों को राशन, इलाज, शिक्षा और दैनिक जरूरतों के लिए कई किलोमीटर तक ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी रास्तों से पैदल सफर करना पड़ता है। बरसात के दिनों में यह रास्ता जानलेवा बन जाता है और पूरा इलाका लगभग बाहरी दुनिया से कट जाता है। देश डिजिटल इंडिया और स्मार्ट गांव की बात कर रहा है, लेकिन घोंटियादादर में आज भी बिजली के खंभे तक नहीं पहुंचे हैं। सूर्य ढलते ही पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है। मोबाइल चार्ज करने तक के लिए लोगों को दूसरे गांवों का सहारा लेना पड़ता है। पीने के पानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। ग्रामीण झरनों और प्राकृतिक जल स्रोतों पर निर्भर हैं, जिससे बरसात और गर्मी दोनों मौसम में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**आधार नहीं, आवास नहीं, योजनाओं से भी दूर-** हालात इतने खराब हैं कि बस्ती के कई बच्चों के आधार कार्ड तक नहीं बने हैं, जिसके कारण वे कई सरकारी योजनाओं के दायरे से बाहर हैं। पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी नहीं मिल पाया है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर विशेष पिछड़ी जनजाति के नाम पर चल रही योजनाओं का लाभ किसे मिल रहा है?

#### बचपन भी बदहाल, आंगनबाड़ी नहीं, पोषण और शिक्षा से वंचित बच्चे

सरकार कुपोषण मुक्त भारत और मातृ-शिशु सुरक्षा की बात करती है, लेकिन इस बस्ती में आज तक एक आंगनबाड़ी केंद्र तक नहीं खुल सका। छोटे बच्चों को न समय पर पोषण आहार मिलता है और न ही प्रारंभिक शिक्षा। गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को भी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। स्वास्थ्य सुविधा नहीं होने से मामूली बीमारी भी बड़ी मुसीबत बन जाती है। ग्रामीण बताते हैं कि उनके पूर्वज सिकासार जलाशय बनने से पहले बांध क्षेत्र के आसपास निवास करते थे। बांध निर्माण के दौरान उन्हें वहां से विस्थापित कर दिया गया, लेकिन उसके बाद पुनर्वास की कहानी अधूरी ही रह गई। वर्षों बीत गए, सरकारें बदलीं, योजनाएं आईं और करोड़ों रुपये खर्च होने के दावे हुए, लेकिन इन परिवारों की तकदीर नहीं बदली। आज भी वे पहाड़ों पर बिना बुनियादी सुविधाओं के जिंदगी काट रहे हैं।

# एकलव्य विद्यालय का केंद्रीय सहायक आयुक्त ने किया निरीक्षण, परखी पढ़ाई की गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



■ एकलव्य विद्यालय कोसमबुड़ा में बोर्ड कक्षाओं, विज्ञान प्रयोगशाला और छात्रावास व्यवस्था का लिया जायजा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा में नेस्ट्स मुख्यालय, नई दिल्ली से पधारीं सहायक आयुक्त डॉ. रश्मि चौधरी ने विद्यालय का विस्तृत एवं व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षण व्यवस्था से लेकर छात्रावास प्रबंधन तक हर पहलू की बारीकी से समीक्षा की। विद्यालय आगमन पर वरिष्ठ शिक्षिका सुश्री श्वेता ने पूरे विद्यालय परिवार की ओर से अतिथि का हार्दिक स्वागत किया। उन्हें हरित पौधा, पुस्तक और शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। डॉ. रश्मि चौधरी ने सर्वप्रथम कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड कक्षाओं में जाकर वहां चल रही पढ़ाई की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने विज्ञान की प्रयोगशालाओं का भी निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध संसाधनों तथा प्रायोगिक शिक्षण व्यवस्था को परखा। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से सीधा संवाद कर कक्षा शिक्षण की रणनीतियों, विद्यार्थियों की प्रगति और आगामी परीक्षाओं की तैयारियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बालक एवं बालिका दोनों छात्रावासों के वार्डन से भी मुलाकात की और छात्रावास के बेहतर संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों की सुरक्षा, अनुशासन और दैनिक दिनचर्या के सुचारु प्रबंधन पर विशेष बल दिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. रश्मि चौधरी ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह जीवन को दिशा देने का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हर विद्यार्थी को अपने जीवन में एक ऊंचा लक्ष्य तय करना चाहिए और उसे पाने के लिए पूरी लगन से जुटना चाहिए।

#### अंग्रेजी भाषा को लेकर दी नई सोच

उन्होंने विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा को लेकर व्याप्त झिझक और भय को दूर करने पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने समझाया कि अंग्रेजी से घबराने की बजाय इसे रोजमर्रा की आदतों में शामिल किया जाए, क्योंकि किसी भाषा को अपनाने से ही आत्मविश्वास बढ़ता है। शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना, खेल-कूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में सुधार के निर्देश सहायक आयुक्त ने प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव के नेतृत्व में विद्यालय द्वारा प्राप्त शैक्षणिक उपलब्धियों की भरपूर सराहना की। साथ ही उन्होंने खेल-कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में विद्यालय के प्रदर्शन को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि विद्यालय का वर्तमान प्रदर्शन सराहनीय है, लेकिन भविष्य में उपलब्धियों की यह सूची और लंबी होनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने सहायक आयुक्त के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से विद्यालय निरंतर प्रगति की राह पर अग्रसर रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सरगी नाला में तैरते मिला अज्ञात युवक का शव

**फिंगेश्वर।** नगर से लगे सरगी नाला एनीकेट इंटेकवेल के पास एक सनसनीखेज मामला सामने आया है।यहां सरगी नाला में एक अज्ञात युवक का सड़ी-गली हालत में शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।स्थानीय लोगों ने नाला में पानी के बीच शव तैरता देखा, जिसके बाद तुरंत इसकी सूचना फिंगेश्वर पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही फिंगेश्वर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में लिया। शव काफी सड़ी-गली अवस्था में होने के कारण आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत कई दिन पहले हुई होगी। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोटॉर् का मिलान कर रही है,ताकि शव की शिनाख्त की जा सके।वहीं घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक की मौत दुर्घटना,आत्महत्या या किसी अन्य वजह से हुई है।पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और शव की पहचान के प्रयास लगातार जारी हैं।

### एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद।** मानसिक रूप से कमजोर एक युवती की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। बसना पुलिस को जगदीश पटेल पिता अंतोक पटेल (58 साल) बागमाड़ा चौकी भंवरपुर ने बताया कि उसकी भतीजी कीर्ति बाई पटेल जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसे 12 जुलाई की रात को ग्राम बोईरडीह के पास किसी अज्ञात वाहन के चालक ने ठोकर मार दिया जिससे उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 एमओटी, 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# 20 साल से बीमार महिला को झोपड़ी में छोड़ा बेसहारा, गौरीशंकर ने अस्पताल में कराया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/ मैनपुर

जिले के धुंगियामुडा गांव से मानवता को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। यहां 50 साल की हीरा बाई नेताम को गंभीर बीमारी और सामाजिक अंधविश्वास के कारण गांव से बाहर एक झोपड़ी में रहने के लिए मजबूर कर दिया गया। महिला पिछले कई सालों से गंभीर बीमारी से जूझ रही थी उसके हाथ और पैर में गहरे घाव हो गए थे, जिनमें कीड़े पड़ चुके थे। असहनीय दर्द के बावजूद वह हर आने-जाने वाले से भीख मांगती थी। परिजनों के अनुसार महिला का वर्षों तक इलाज कराया गया, लेकिन बीमारी में सुधार नहीं हुआ। सामाजिक दबाव और घर में पर्याप्त सुविधाएं नहीं होने के कारण परिवार ने 2 जुलाई से उसे गांव के बाहर अपने खेत में बनी झोपड़ी में रखना शुरू कर दिया। परिवार के सदस्य केवल दिन में दो बार भोजन पहुंचाते थे और बाकी समय महिला अकेले दर्द से कराहती रहती थी। पीड़िता के पति नरसिंह नेताम का कहना है कि वह पिछले 20 वर्षों से पत्नी की सेवा कर रहे हैं, लेकिन घर में बाथरूम जैसी मूलभूत सुविधा नहीं होने और गांव वालों के दबाव के चलते उन्हें यह कदम उठाना पड़ा। वहीं बेटे डिगनेश्वर नेताम ने बताया कि गांव और समाज के लोगों ने महिला को छूत की बीमारी से ग्रसित बताते हुए गांव से बाहर रखने की बात कही थी। ऐसा नहीं करने पर परिवार को सामाजिक बहिष्कार की चेतावनी दी गई थी। मामले की जानकारी जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप को सोशल मिडिया के माध्यम से मिली। सूचना मिलते ही उन्होंने देवभोग के बीएमओ डॉ. प्रकाश साहू से संपर्क किया और एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों को समझाइश देने के बाद महिला को तत्काल देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।



#### डॉक्टर बोले- यह छूत की बीमारी नहीं, गैंगरीन के लक्षण

डॉक्टरों के मुताबिक महिला के पुराने घाव में गैंगरीन के लक्षण दिखाई दे रहे हैं।चिकित्सकों ने स्पष्ट किया कि यह कोई छूत की बीमारी नहीं है। बेहतर इलाज के लिए उसे रायपुर स्थित मेकाहारा अस्पताल रेफर करने की तैयारी की जा रही है। इस घटना ने स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक सोच पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं. परिजन वर्षों तक निजी अस्पतालों में इलाज कराने का दावा कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं और सरकारी अस्पतालों की सुविधाओं का लाभ क्यों नहीं लिया, यह भी जांच का विषय बना हुआ है. फिलहाल स्वास्थ्य विभाग महिला के बेहतर उपचार में जुटा है, जबकि यह मामला अंधविश्वास, सामाजिक बहिष्कार और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच की कमी की गंभीर तस्वीर सामने लाता है।

### दो पक्षों के बीच मारपीट


**महासमुंद।** ग्राम लमकेनी में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में बागबाहरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर् दर्ज किया गया है। पुलिस को हेमंत कुमार दीवान ने बताया कि 13 जुलाई की सुबह उसके घर की महिलाओं का विवाद टीकम सेन की मां के साथ हुआ था। इसी दिन शाम को टीकम सेन एवं मन्नू सेन ने आकर मां, पत्नी और मेरे साथ मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5)-बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। वहीं टीकम सेन ने पुलिस को बताया कि 13 जुलाई को हेमंत दीवान के परिवार द्वारा विवाद किए जाने की सूचना मिलने पर वह रायपुर से लमकेनी आया। शाम करीब 06.30 बजे हेमंत दीवान और लाम्हीन दीवान से उसने विवाद को लेकर पूछताछ की। इस पर हेमंत और लाम्हीन मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5)-बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# शनिवार की समय-सारिणी पर असमंजस जिले के स्कूलों में अलग-अलग व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 की समय-सारिणी जारी किए जाने के बावजूद शनिवार के लिए अलग समय-सारिणी अथवा स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं दिए जाने से गरियाबंद जिले के शासकीय विद्यालयों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। जिले के कई विद्यालय शनिवार को अलग-अलग समय पर संचालित हो रहे हैं, जिससे शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। जानकारी के अनुसार पूर्व वर्षों में शनिवार को योग, बैगलेस डे, खेलकूद, कला, सांस्कृतिक गतिविधियां, पुस्तक पठन और जीवन कौशल आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इन गतिविधियों की प्रकृति को देखते हुए शनिवार के लिए अलग समय-सारिणी अधिक उपयुक्त मानी जाती रही है। इस वर्ष स्पष्ट निर्देश नहीं होने के कारण प्रत्येक विद्यालय अपने स्तर पर समय निर्धारित कर रहा है।

इसी बीच जांजगीर-चांपा जिले में जिला प्रशासन ने स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शनिवार की व्यवस्था स्पष्ट कर दी है। तीन जुलाई 2026 को जारी आदेश के अनुसार जिले के एक पाली में संचालित विद्यालय सोमवार से शुक्रवार तक नियमित समय पर संचालित होंगे, जबकि शनिवार को विद्यालय सुबह साढ़े सात बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक लगाए जाएंगे। दो पाली वाले विद्यालयों के लिए भी शनिवार को प्रातःकालीन समय निर्धारित किया गया है। इससे जिले के सभी विद्यालयों में एक समान व्यवस्था लागू हो गई है।




गरियाबंद के शिक्षकों का कहना है कि यदि एक जिले में जिला प्रशासन विद्यार्थियों के हित और प्रशासनिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऐसी व्यवस्था लागू कर सकता है, तो अन्य जिलों में भी इसी प्रकार के स्पष्ट निर्देश जारी किए जा सकते हैं। इससे सभी विद्यालयों में एकरूपता आएगी और अनिश्चितता समाप्त होगी। शिक्षा विशेषज्ञों का भी मानना है कि शनिवार को विद्यालयों का संचालन प्रातःकालीन समय में किया जाना अधिक व्यवहारिक रहेगा। इससे योग, खेल, बैगलेस डे और अन्य गतिविधियां अनुकूल मौसम में बेहतर ढंग से संचालित हो सकेंगी। साथ ही छोटे विद्यार्थियों को दोपहर की गर्मी से राहत मिलेगी और सप्ताहांत की गतिविधियों का प्रभावी संचालन संभव होगा। शिक्षकों ने एससीईआरटी से शनिवार के लिए पृथक एवं स्पष्ट समय-सारिणी जारी करने, सभी विद्यालयों में एक समान व्यवस्था लागू करने तथा योग, बैगलेस डे और अन्य गतिविधियों के संचालन संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है। साथ ही जांजगीर-चांपा जिले की तर्ज पर प्रदेश के अन्य जिलों में भी शनिवार को प्रातःकालीन समय में विद्यालय संचालन पर विचार करने का आग्रह किया गया है। शिक्षा जगत का मानना है कि समय रहते स्पष्ट निर्देश जारी होने से विद्यालयों में व्याप्त भ्रम समाप्त होगा और पूरे प्रदेश में एक समान एवं सुव्यवस्थित शैक्षणिक व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी।

## पेज 9 के शेष...

### राजिम नपं को...

है। प्रदेश सरकार के ऐसे लोकहितकारी निर्णय से आज नई सौगात मिली है। विधायक श्री साहू ने कहा कि मैं राजिम की जनता की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी और उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का कोटि-कोटि धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने हमारी इस जनभावना को समझा और इसे धरातल पर उतारा।अब राजिम में बुनियादी सुविधाओं, सड़कों, स्वच्छता और अधोसंरचना का तेजी से विस्तार होगा। बजट का दायरा बढ़ेगा, जिससे हम राजिम को एक आधुनिक और सुविधायुक्त शहर के रूप में विकसित कर सकेंगे। **राजिम में एक नए युग की शुरुआतः महेश यादव-** राजिम नगरपालिका अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि राजिम नगर पंचायत का नगरपालिका में तब्दील होना हमारे लिए एक नए युग की शुरूआत है। मैं इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रदेश सरकार और हमारे सजग विधायक रोहित साहू का विशेष आभार व्यक्त करता हूं जिनके निरंतर प्रयासों से यह सपना सच हुआ है। अब हमारी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है। नगरपालिका बनने से शहर के विकास के लिए अधिक फंड और संसाधन उपलब्ध होंगे। हम सब मिलकर राजिम को स्वच्छता, जन-सुविधाओं और नागरिक सेवाओं के मामले में प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ नगरपालिका बनाने के लिए संकल्पित हैं। मैं राजिम की जनता को इस नई शुरूआत की बधाई द `ता हूँ।

### हर बारिश में ...

हैं। उनका मानना है कि पुल बनने से न केवल गरियाबंद और धमतरी जिले के बीच सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित होगा, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों के हजारों लोगों को भी वर्षभर निर्बाध सुविधा मिल सकेगी। इससे शिक्षा, व्यापार, कृषि और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी आसान होगी।

### पेंशनर्स समाज ...

रोहित साहू होंगे, जबकि अध्यक्षता बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के प्रांतीय अध्यक्ष चेतन भारती, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रिखीराम यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन तथा जिला पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष नंदकुमार वर्मा शामिल रहेंगे।
कार्यक्रम में देवभोग, मैनपुर, राजिम और छुरा तहसील शाखाओं के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। तहसील शाखा गरियाबंद के अध्यक्ष केशर कुमार निर्मलकर ने सभी पेंशनर्स साथियों से सुबह 10:30 बजे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### जोगीडीपा जलाशय...

निकाला। पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है। मौके पर थाना प्रभारी जयप्रकाश नेताम, एसआई सुरेश निषाद, सरपंच नेतराम सिन्हा, मृतक के भाई प्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। थाना प्रभारी जयप्रकाश नेताम ने बताया सुचना मिलते ही जोगीडीपा जलाशय पहूंचे और स्थल निरीक्षण कर शव को बाहर निकाल लिया गया और पोस्टमार्डम के चिरघर में रखा गया है, रिपोर्ट आने पर मौत का कारण पता चल सकेगा, फिर हाल विवेचना जारी है।

### पुराने बस स्टैंड...

दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसकी तलाश की जा रही है।वहीं लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में दहशत का माहौल है।व्यापारियों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।इसी प्रकार किसानो ने कहा कि अंचल मे पंप चोरी की लगातार घटना हो रही है लेकिन चोर पकड़े नहीं जा रहे हैं।चोरी के मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पतासजी लिया जाएगा।

### साईं बाबा स्थापना...

सिंह ठाकुर तथा अनेक वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। **स्कूली बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री-** व्यापारी बंधुओं में कपिल सिंह ठाकुर, भूपेंद्र साहू सहित साईं सेवा संस्थान से जुड़े सभी साईं भक्तों का भी सम्मान किया गया। सेवा कार्यों के तहत संस्थान द्वारा स्कूली बच्चों को पेन एवं कॉपी का वितरण कर शिक्षा के प्रति अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता का परिचय दिया गया। वार्षिक उत्सव के अवसर पर श्री साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद सुसज्जित पालकी में विराजमान श्री साईं बाबा की प्रतिमा के साथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे रास्ते साईं बाबा की जय के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर पालकी का भव्य स्वागत किया। भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और धार्मिक धुनों ने पूरे नगर को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ यात्रा में सहभागिता निभाई। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि वार्षिक उत्सव के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का समापन महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, व्यापारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शारीरिक के साथ मानसिक सशक्तीकरण भी जरूरीः मनीषा वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

महिला एवं बाल विकास विभाग के महिला सशक्तिकरण केन्द्र द्वारा भारत सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना एवं मिशन शक्ति के अंतर्गत जिले की किशोरी बालिकाओं के लिए सात दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर बीएस उइके के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक पाण्डेय के मार्गदर्शन में 08 जुलाई से 14 जुलाई 2026 तक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोचवाय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम, शासकीय हाई स्कूल जोबा तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान ताइक्वांडो मास्टर ट्रेनर किरण मरकाम ने छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास कराया। उन्होंने बालिकाओं को आकस्मिक एवं विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने के प्रभावी तरीके सिखाए। प्रशिक्षण का उद्देश्य किशोरियों में आत्मविश्वास, साहस, आत्मनिर्भरता तथा संकट की स्थिति में त्वरित एवं सही निर्णय लेने की क्षमता का विकास करना रहा। इसके साथ ही व्यक्तिगत सुरक्षा, मानसिक दृढ़ता एवं सतर्कता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान जिला मिशन समन्वयक सुश्री मनीषा वर्मा ने कहा कि मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित इस प्रकार के प्रशिक्षण से बालिकाओं को शारीरिक रूप से सक्षम बनाने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी सशक्त करना है। उन्होंने छात्राओं को मिशन शक्ति के विभिन्न घटकों, महिला सुरक्षा से संबंधित सेवाओं, महिला हेल्पलाइन तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में जानकारी देते हुए लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के बारे में बताया गया।



- विशेषज्ञों ने दी कानूनी, सामाजिक और वित्तीय साक्षरता की जानकारी

प्रशिक्षण में जेंडर विशेषज्ञ पद्मनी दीवान ने लैंगिक समानता एवं महिलाओं के अधिकारों पर जानकारी दी। जबकि वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ श्रीमती अर्चना सिंह ने छात्राओं को वित्तीय प्रबंधन एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता के महत्व से अवगत कराया। वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर श्रीमती सुमन तिवारी ने महिला सुरक्षा, कानूनी सहायता एवं संकट की स्थिति में उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में सुश्री शोभा मरकाम, श्री दशरथ वर्मा, संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### कोठीगांव में एक ही स्थान पर जुड़े हैं 11 अलग-अलग प्रजातियों के पेड़

**रसेला।** अंचल के ग्राम कोठीगांव में प्रकृति का एक अद्भुत और दुर्लभ नज़ारा देखने को मिलता है। यहां वर्षों पुराना एक ऐसा विशाल वृक्ष समूह मौजूद है, जिसमें 11 विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष एक ही स्थान पर साथ-साथ विकसित हो गये हैं।इसे स्थानीय लोग प्रकृति का अनोखा चमत्कार मानते हैं। इस अद्वितीय वृक्ष समूह में पीपल, नीम, महुआ, कुर्रू, कसही, आम, सीताफल, फेंग,लाडो, केन्वटी, गस्ति सहित कुल 11 प्रजातियों के वृक्ष एक-दूसरे से जुड़े हुए दिखाई देते हैं। अलग-अलग प्रजातियों के वृक्षों का इस प्रकार एक साथ विकसित होना अत्यंत दुर्लभ माना जा सकता है।

### पद्मश्री तीजन बाई सिरजन के कलाकारों ने दी श्रद्धांजलि



**सुरसाबांधा।** मंगलवार को पद्मश्री पण्डवानी गायिका तीजन बाई के दशगात्र कार्यक्रम में सिरजन के कलाकार जिसमें विशेष रूप से राजिम क्षेत्र के डॉ. ईश्वर तारक, गौकरण मानिकपुरी, सेवक ठाकुर, अध्यक्ष तुलेश्वर घृतलहरे, गंगा बाई मानिकपुरी, महेश्वरी, बाबूलाल साहू, खेमबाई निषाद, रुक्मणी दीवान, चैतूराम तारक, ठाकुर राम साहू, मणीराम साहू, लोमश साहू, रजमत कंवर, गंगा सिन्हा, श्याम निर्मलकर, हेमीन बाई, बसंत साहू ,भगवती साहू, रमौतीन सिन्हा शामिल थे।

### जनपद सदस्य सड़क हादसे में घायल

**रसेला।** क्षेत्र क्रमांक 17 के जनपद सदस्य नारायण सिन्हा 13 जुलाई को 9 बजे रात में रायपुर से छुरा आने के बाद अपने मोटरसाइकिल से रक्सी घर आ रहा था। तभी सेम्हरा के पास डामर प्लांट के नीचे पुलिया के पास अहिराज सांप बीच सड़क में आ जाने के कारण सर्प को बचाने के चलते मोटरसाइकिल अनन्त्री हो गया और बाइक का बैलेंस बिगड़ने के कारण जनपद सदस्य सिन्हा गिरकर घायल हो गए, जिन्हें परिजनों के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा में भर्ती कराया गया है। जहां उसके इलाज जारी है, जनपद सदस्य नारायण सिन्हा के हाथ, पैर, सीना एवं चेहरे में चोटे आई है। सीना में चोट आने के कारण सीटीस्कैन करने के लिए मंगलवार को राजिम गए हुए थे।

# जिले में 16 को रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे महाप्रभु जगन्नाथ

## जिले जगन्नाथ पुरी जैसी भव्य रथ यात्रा की झलक दिखेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भगवान श्री जगन्नाथ की विश्वविख्यात रथ यात्रा की दिव्य परंपरा की झलक इस वर्ष गरियाबंद नगर में देखने को मिलेगी। श्री जगन्नाथ परिवार युवा बल, गरियाबंद के तत्वावधान में 16 जुलाई 2026 (गुरुवार) को भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। धार्मिक आस्था, भक्ति, संस्कृति और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला यह आयोजन नगर के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजनों में शामिल होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। भगवान स्वयं भक्तों के बीच आते हैं। सनातन परंपरा में भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि वर्ष में एक बार भगवान श्री जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए मंदिर से बाहर निकलते हैं और गुंडिचा मंदिर (मौसी मां के घर) की यात्रा करते हैं। यह यात्रा इस बात का प्रतीक है कि भगवान अपने भक्तों के सुख-दुख में सहभागी बनने स्वयं उनके बीच आते हैं। रथ की रस्सी खींचना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है और इससे सुख, समृद्धि तथा आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति होने की मान्यता है। आयोजन समिति के अनुसार रथ यात्रा का शुभारंभ 16 जुलाई को शाम 3 बजे श्रीराम जानकी मंदिर से होगा।

### सहभागिता की अपील

श्री जगन्नाथ परिवार युवा बल, गरियाबंद ने नगरवासियों एवं आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं से परिवार सहित रथ यात्रा में शामिल होकर महाप्रभु श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। समिति का कहना है कि यह आयोजन केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सेवा, भाईचारे और सामाजिक समरसता का महापर्व है, जो पूरे नगर को भक्ति के रंग में रंग देगा।



### आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगा रथ

भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा का सुसज्जित रथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुंडिचा मंदिर (पुराना मंडी बाजार, शीतला चौक) पहुंचेगा। यात्रा मार्ग में श्रद्धालु महाप्रभु के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। रथ यात्रा श्रीराम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर भुनेश्वरनाथ चौक, शारदा चौक, तिरंगा चौक, कुम्हारपारा पारा, सुभाष चौक, यादव पारा, बजरंग चौक, मानस चौक, शिव दुर्गा मंदिर, तिरंगा चौक होते हुए गुंडिचा मंदिर (पुराना मंडी बाजार, शीतला चौक) पहुंचेगी। रथ यात्रा में नवनिर्मित भव्य रथ श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगा।

## संजय नगर में डायरिया पर स्वास्थ्य विभाग का एक्शन, कॉम्बैट टीम ने संभाला मोर्चा

# नगर के वार्ड क्रमांक 7 व 8 में मिले डायरिया के 40 मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर पंचायत फिंगेश्वर के संजय नगर वार्ड क्रमांक 7 एवं 8 में डायरिया के प्रकरण सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने तत्परता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल प्रभाव से कॉम्बैट टीम को सक्रिय किया।समय पर उपचार,सतत निगरानी एवं व्यापक जनजागरूकता अभियान के परिणामस्वरूप स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। मंगलवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डायरिया का एक भी नया प्रकरण सामने नहीं आया, जिससे क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्नेहलता हुमने ने बताया कि 13 जुलाई 2026 को संजय नगर वार्ड क्रमांक 7 एवं 8 के 12 घरों में लगभग 40 डायरिया के मरीज मिलने की सूचना प्राप्त होते ही डॉ. विपिन लहरे के नेतृत्व में कॉम्बैट टीम को प्रभावित क्षेत्र में भेजा गया।टीम ने प्रत्येक घर का सर्वे कर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया,आवश्यक दवाइयों का वितरण किया तथा निरंतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराईं। दूषित पेयजल बना मुख्य कारण, उबला पानी पीने की सलाह मंगलवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सभी प्रभावित परिवारों का पुनःस्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर–घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य स्थिति का पुनर्मूल्यांकन किया, जिसमें सभी नागरिक स्वस्थ पाए गए और किसी भी नए मरीज की पुष्टि नहीं हुई।

**टीम की मुस्तैदी से टला बड़ा खतरा-** डायरिया बिमारी को रोकने के लिए बीईटीओ योगेश पराना, पर्यवेक्षक आशा पोद्दार,स्टाफ नर्स मिथलेश ध्रुव, फार्मासिस्ट अंजना साहू, आरएचओ सुधा नायक, सहायक ग्रेड 02 उत्तम साहू, वाहन चालक संजय श्रीवास्तव, राजेश साहू, चतुर्थ श्रेणी प्रकाश साहू, मितानिन मुकेश्वरी निषाद तथा आरबीएसके टीम का विशेष योगदान रहा।स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि दस्त, उल्टी या डायरिया के लक्षण दिखाई देने पर स्वयं उपचार करने के बजाय तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।



### दूषित पेयजल बना मुख्य कारण, उबला पानी पीने की सलाह

प्रारंभिक जांच में डायरिया का संभावित कारण दूषित पेयजल पाया गया। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से बरसात के मौसम में केवल उबला हुआ अथवा क्लोरीनयुक्त पानी पीने की अपील की है।इसके साथ ही ताजा एवं स्वच्छ भोजन करने,फल एवं सब्जियों को अच्छी तरह धोकर उपयोग करने तथा भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ धोने जैसी स्वच्छता संबंधी आदतों को अपनाने की सलाह दी गई। गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा के अंतर्गत आरएचओ सुधा नायक द्वारा आम नागरिकों एवं स्कूली बच्चों को हाथ धोने की वैज्ञानिक विधि का प्रदर्शन कर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन लहरे ने बताया कि सभी प्रभावित व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच पूरी कर ली गई है तथा सभी की स्थिति सामान्य है। पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगर पंचायत फिंगेश्वर को तत्काल सूचित किया गया था।संबंधित विभागों द्वारा पानी के नमूने एकत्रित कर प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं।इसके साथ ही नागरिकों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

# ओडिशा ले जाए जा रहे 18 मवेशी मुक्त, पशु तस्करी के आरोप में पांच गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद पुलिस ने अवैध पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 मवेशियों को मुक्त कराया है। पुलिस ने तीन वाहनों में क्रूरता पूर्वक मवेशियों का परिवहन कर उड़ीसा के कत्लखाने ले जाए जा रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार 13 जुलाई को थाना प्रभारी गरियाबंद को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो पिकअप और एक छोटा हाथी वाहन में मवेशियों को मालगांव-नहरगांव मार्ग से उड़ीसा ले जाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम नागाबुड़ा तालाब के पास वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान पिकअप तथा छोटा हाथी को रोककर जांच की गई। जांच में वाहनों में बिना वैध दस्तावेजों के 14 भैंस और चार पड़वा सहित कुल 18 मवेशियों को ठूंस-ठूंसकर क्रूरता पूर्वक परिवहन करते पाया गया। पुलिस ने मौके से विकास साहू (21), सोहन यादव (21), राजू कुमार ध्रुवे (26), मनीष कुमार बंजारे (22) और लोकेश साहू (18) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2011 की धारा 4, 6 एवं 10 तथा पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 11 के तहत मामला दर्ज किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 14 भैंस, चार पड़वा तथा तस्करी में प्रयुक्त दो पिकअप और एक छोटा हाथी वाहन जब्त किया है।

# राजिम पालिका में एल्डरमैन को एसडीएम ने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



नगर पालिका परिषद राजिम के सभागार में मनोनीत एल्डरमैन के शपथ ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजिम के एसडीएम विशाल महाराणा ने विधिवत शपथ ग्रहण की प्रक्रिया संपन्न कराते हुए सभी मनोनीत एल्डरमैन को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने नवमनोनीत एल्डरमैन का भगवा गमछा ओढ़ाकर, पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया तथा उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। विशेष अवसर पर विधायक रोहित साहू विधानसभा सत्र में व्यस्त होने के कारण समारोह में उपस्थित नहीं हो सके। उन्होंने दूरभाष के माध्यम से सभी एल्डरमैन को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए नगर के विकास एवं जनसेवा के लिए समर्पित होकर कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त पार्षदों ने भी एल्डरमैन का सम्मान करते हुए उन्हें उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। इस समारोह में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, सीएमओ एसके विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति आकाश राजपूत, भारत यादव, कुलेश्वर साहू, मंशाराम कुर्रे, पार्षद तुषार कदम, जुगु ठाकुर, बलराम यादव, सुरेश पटेल, टंकु सोनकर, अजय पटेल, रेखा-कुलेश्वर साहू, पार्षद प्रतिनिधि उत्तम निषाद, सोमनाथ पटेल, पीडब्ल्यूडी विभाग प्रमुख दीपक वर्मा सहित नगर पालिका परिषद के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह सौहार्दपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

# कांग्रेसियों ने मरीजों को बांटे फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के जन्मदिन के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा में मरीजों को फल वितरित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वरी शाह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अब्दुल समद खान, यशपेन्द्र शाह, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष राजकुमारी सोनी, पार्षद व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष सलीम मेमन, महामंत्री व पार्षद हरीश यादव पार्षद दीप्ति यादव, पार्षद यामीन खान, प्रदेश सचिव आकाश दीक्षित, सेक्टर अध्यक्ष अखिल चौबे, युवा नेता मोनू दीक्षित, ब्लॉक सचिव श्वेता चंद्राकर, मीडिया प्रभारी पुनीत ठाकुर एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2026 के लिए पंजीयन 12 जुलाई से शुरू हो गया है। जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 शुक्रवार तक है।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में धान, मक्का, सोयाबीन समेत कुल 11 अधिसूचित फसलों के तहत फसल बीमा का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार यदि किसान की फसल को नुकसान होता है तो इसके लिए उसे 72 घंटे के भीतर सूचना देना अनिवार्य होता है तभी मुआवजे की प्रक्रिया शुरू होती है। खरीफ मौसम के दौरान किसानों को प्राकृतिक आपदाओं और मौसम की अनिश्चितता से बचाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ मिलता है। गौरतलब है इस बार मानसून 12 दिन की देरी से आया है। इसी बीच मौसम विभाग ने भी इस साल एल नीनो असर के चलते प्रदेश में अनियमित या कम बारिश की आशंका भी जताई हैं ऐसे में इसके संभावित नुकसान से बचने के लिए किसानों को जल्द जल्द फसल बीमा कराने की सलाह दी है।

**फसल बीमा योजना में पंजीयन कैसे-** फसल बीमा योजना में पंजीयन कराने के लिए जिन किसानों ने कृषि ऋण लिया है, उन्हें संबंधित बैंक या वित्तीय संस्थान के माध्यम से अपना पंजीकरण कराना होगा। जिन किसानों पर ने ऋण नहीं लिया है वे बैंक, वित्तीय संस्थान, लोक सेवा केंद्र, बीमा मध्यस्थों के जरिए या स्वयं सीधे भी भारत सरकार के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन एप्लीकेशन दे सकते हैं। इसके अलावा किसान अपने क्षेत्रीय कृषि विभाग, राजस्व विभाग, संबंधित बैंक या बीमा कंपनी को भी तय समय सीमा यानी 72 घंटे के अंदर सूचित कर सकते हैं।

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी तहसील-छुरा,जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

**शपथ-पत्र**

मैं हरीशचन्द्र मरकाम पिता पान सिंह जाति-गोड़ निवासी ग्राम मोंगरा पोस्ट-चरौदा, तहसील- छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) एतदद्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूँ और निम्नानुसार घोषित करता हूँ।

1. मैं हरीशचन्द्र मरकाम पिता पान सिंह ग्राम-मोंगरा, पोस्ट-चरौदा तहसील-छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूँ।
2. मैं अपने नाबालिग पुत्री का पुराना नाम जिसे बदलना है पार्वती गोंड (PARVATI GOND) से बदलकर नया नाम पार्वती मरकाम (PARVATI MARKAM) चाहता हूँ।
3. मैं अपने पुत्री का नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता हूँ तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूँगा।
4. मेरी पत्नि मायावती मरकाम हमारे नाबालिग पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।
5. मैं यह शपथ-पत्र अपने पूरे होशोहवासों में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी में समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

दिनांकः 13 July 2026 **आवेदक**

**हरीशचन्द्र मरकाम**

# कन्या शाला में एसएमसी का गठन, सुरेश अध्यक्ष व कुंती तारक चुनी गईं उपाध्यक्ष

**राजिम।** शास कन्या उच्च माध्‌ शाला में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति एसएमसी के गठन के लिए पालकों की आमसभा आयोजित की गई। बैठक में कक्षा 6वीं से 12वीं तक अध्ययनरत छात्राओं के पालकों की उपस्थिति में लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण ढंग से समिति का गठन किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत पहले प्रत्येक कक्षा से महिला एवं पुरुष प्रतिनिधियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसके बाद कुल 15 सदस्य निर्विरोध चुने गए। नवनिर्वाचित सदस्यों ने आपसी सहमति से सुरेश पटेल को समिति का अध्यक्ष तथा कुंती तारक को उपाध्यक्ष चुना। समिति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के पालकों को प्रतिनिधित्व मिला। नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्य अध्यक्ष सुरेश पटेल, उपाध्यक्ष कुंती तारक, सदस्य केचन शर्मा, विनोद शर्मा, राजकुमारी निषाद, भूषण यद्ध, पद्मनी सोनकर, नीलू साहू, मनहरण मिरी, दीपक वर्मा, वीरेंद्र निर्मलकर, शशी ध्रुव, कुसुम साहू, रामकुमार देवांगन, धनेश्वरी निषाद। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ ने सुरेश पटेल और सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।



इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एस.के. विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति आकाश राजपूत, भारत यादव, कुलेश्वर साहू, मंशाराम कुर्रे, पार्षदगण तुषार कदम, जुगु ठाकुर, सुरेश पटेल, टंकु सोनकर, अजय पटेल, रेखा कुलेश्वर साहू, उत्तम निषाद, आशीष पांडेय, ऋषि दुबे, मयंक सोनी सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989
AdPRAYAS

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सैकड़ों शिक्षकों पर रोजगार संकट

**छुईहा बेलर।** सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बाद प्राथमिक और मिडिल स्कूलों में कार्यरत सैकड़ों शिक्षकों के सामने अब करो या छोड़ो की स्थिति बन गई है। कोर्ट ने 3 सितंबर 2001 से 23 अगस्त 2010 के बीच नियुक्त सभी



शिक्षकों के लिए 31 अगस्त 2028 तक टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है। तय समय में परीक्षा पास न करने पर उनकी नौकरी पर संकट आ सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह आदेश राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के नियमों के तहत दिया गया है। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को भी टिईटी से कोई छूट नहीं मिलेगी। शिक्षक संघ प्रदेश प्रवक्ता एवं अध्यक्ष संभाग रामनारायण मिश्रा बिजली ने अपने कहा प्रथम कि नियमित परीक्षा सरकार मिशन मोड में हर 3 से 4 महीने में यह परीक्षा आयोजित करे। दूसरा कि पाठ्यक्रम में बदलाव में प्राथमिक और मिडिल के लिए अलग-अलग यह परीक्षा हो।

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष बने मनोज खरे

**गरियाबंद।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 भारत के छत्तीसगढ़ ईकाई में गरियबांद जिला अध्यक्ष पद पर मनोज खरे



गरियाबंद (नवागढ़ ) मनोनीत किया गया है, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी। उन्होंने मनोज खरे के जिला दायित्व देते कहा कि आशा और विश्वास है कि आप संगठन को मजबूत करने में एवं संगठन के विचारधार और भगवान चित्रगुप्त जी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में तन-मन-धन के साथ कार्य करेंगे। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन को मजबूत करेगें।

### कुर्मी क्षत्रिय महासभा छग महिला प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष बनीं निरंजना

**महासमुंद।** शहर की निरंजना चंद्राकर को अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा द्वारा छत्तीसगढ़ महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष के



पद पर मनोनित किया गया है। मनोनयन पत्र में कहा गया है कि समाज के प्रति समर्पित सेवा भाव, कार्यकुशलता, योग्यता एवं क्षमता के साथ अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के प्रति अभिरूचि को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा की अनुशंसा पर आपकी प्रतिभा एवं क्षमता का उपयोग संगठन के विकास, विस्तार एवं सशक्तिकरण के लिए करने का निर्णय लिया है।

### पंजीयन करने पॉलीटेक्निक में जागरुकता कार्यक्रम आज

**महासमुंद।** युवाओं में कौशल को बढ़ावा देने तथा रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना प्रारंभ की गई है। यह योजना दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर उत्तीर्ण युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करती है। उक्त योजना में रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन प्रक्रिया निःशुल्क हैं एवं वर्षभर किया जा सकता है। परंतु, युवाओं तक जानकारी के अभाव में पंजीयन कम हो रहे हैं।

### वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक कल

**महासमुंद।** कृषि विज्ञान केंद्र की 21वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक गुरुवार 16 जुलाई को कुलपति इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर की अध्यक्षता में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। बैठक में केंद्र की वर्ष 2025 की गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण एवं 2026 की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र ने समिति के सदस्यों को निर्धारित समय में उपस्थित होने आग्रह किया है।

# 80 वर्षीय रामानंद 4 एकड़ जमीन से शुरू कर आज 18 एकड़ में कर रहे उन्नत कृषि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अलग खबर

कहते हैं कि यदि मन में दृढ़ इच्छाशक्ति, मेहनत करने का जज्बा और कुछ कर गुजरने का संकल्प हो तो सीमित संसाधन भी सफलता की राह नहीं रोक सकते। इस कहावत को जौंदी गांव के 80 वर्षीय किसान रामानंद ने अपने जीवन से सच साबित कर दिखाया है। उम्र के इस पड़ाव में भी उनका उत्साह और कार्यशैली युवाओं को प्रेरित करती है। रामानंद के पास स्वयं की मात्र चार एकड़ कृषि भूमि है, लेकिन उन्होंने कभी इसे अपनी प्रगति की सीमा नहीं बनने दिया। वे गांव के किसानों से लगभग 14 एकड़ भूमि ठेके-रेग पर लेकर कुल 18 एकड़ में खेती करते हैं। खेती का हर काम वे पूरी लगन और मेहनत से करते हैं। खेत की मेड़ों की मरम्मत हो, धान की बुआई, बीज का छिड़काव, खेत की देखरेख या फसल कटाई की तैयारी-हर कार्य में उनकी सक्रिय भागीदारी रहती है। सबसे खास बात यह है कि 80 वर्ष की उम्र में भी वे खेत में मजदूरों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। वे खेत के मेड़ में खड़े होने वालो में से नही बल्कि स्वयं खेत में उतरकर मेहनत करने वाले कर्मयोगी हैं। उनका मानना है कि खेती तभी सफल होती है जब किसान स्वयं अपने खेत पर लगातार निगरानी रखे और हर छोटे-बड़े काम में रुचि ले।

## उम्र को मात दे रहा जज्बा, नए किसानों को कर रही प्रेरित

### क्षेत्र के युवाओं और किसानों के लिए बने रोल मॉडल

हरिभूमि से चर्चा करते हुए रामानंद का कहना है कि खेती केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि मेहनत, धैर्य और अनुशासन का काम है। जो किसान अपने खेत से जुड़ा रहता है और पूरी ईमानदारी से मेहनत करता है, उसे सफलता अवश्य मिलती है। खास बात यह है कि जौंदी गांव के इस कर्मठ किसान ने यह साबित कर दिया है कि सफलता उम्र की मोहताज नहीं होती। मजबूत इरादे, अथक परिश्रम और खेती के प्रति समर्पण से कोई भी किसान अपनी अलग पहचान बना सकता है।



### अथक परिश्रम की बदौलत आज खुद का ट्रैक्टर और हार्वेस्टर

लगातार मेहनत और खेती के प्रति समर्पण का ही परिणाम है कि आज रामानंद के पास अपना खुद का ट्रैक्टर और हार्वेस्टर भी है। उनके पुत्र ट्रैक्टर चलाने और मशीनों के संचालन में सहयोग करते हैं, लेकिन खेती की पूरी योजना, फसल प्रबंधन और निर्णय आज भी रामानंद स्वयं लेते हैं। धान की बुआई से लेकर कटाई और मिंजाई तक हर चरण पर उनकी पैनी नजर रहती है।

## समारोह : शिव प्रदोष यज्ञ में उमड़ा आस्था का सैलाब

# यज्ञ समस्त सृष्टि के कल्याण का दिव्य माध्यम : डॉ. मतावले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

आस्था के प्रमुख केंद्र ग्राम सोनपैरी में आयोजित शिव प्रदोष यज्ञ अनुष्ठान एवं सत्संग समारोह में आध्यात्मिक साधना, वैदिक संस्कृति और मानव सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। पूज्यपाद डॉ. आनंद मतावले गुरुजी ने शिव प्रदोष यज्ञ के आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर विस्तृत प्रवचन देते हुए कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समस्त सृष्टि के कल्याण का दिव्य माध्यम है। गुरुजी ने कहा कि देवताओं का स्वरूप त्रिआयामी एवं सूक्ष्म है। उन्हें न तो सामान्य नेत्रों से देखा जा सकता है और न ही प्रत्यक्ष रूप से भोजन कराया जा सकता है।

वैदिक परंपरा में अग्निकुंड में मंत्रोच्चार के साथ दी गई आहुतियां सूक्ष्म रूप में देवशक्तियों तक पहुंचती हैं। यही यज्ञ की वास्तविक शक्ति और सनातन संस्कृति का वैज्ञानिक आधार है। उन्होंने कहा कि यज्ञ मनुष्य के भीतर के अहंकार, क्रोध, द्वेष और नकारात्मक प्रवृत्तियों का दहन कर जीवन में शांति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। गुरुजी ने पुरुषोत्तम मास की महिमा बताते हुए साधना, जप, तप, दान, सेवा और गुरु-भक्ति को जीवन का आधार बताया। आध्यात्मिकता तभी सार्थक है, जब वह मानव सेवा, पर्यावरण संरक्षण और समाज कल्याण से जुड़कर जनहित का माध्यम बने। समारोह में श्रद्धालुओं को मंत्रदीक्षा प्रदान की गई तथा विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आध्यात्मिक मार्गदर्शन दिया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्ण श्रद्धा के साथ पूर्णाहुति सम्पन्न हुई।



### धार्मिक अनुष्ठान के साथ सामाजिक सरोकार, 22 यूनिट रक्तदान

आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भोग-भंडारे की व्यवस्था भी की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समारोह के दौरान आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 22 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानव सेवा का अनुकरणीय संदेश दिया। गुरुजी ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि किसी जरूरतमंद के जीवन की रक्षा से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। श्रद्धालुओं ने धार्मिक आस्था के साथ सेवा का यह संकल्प लेकर शिव प्रदोष यज्ञ के उद्देश्य को और अधिक सार्थक बनाया। उल्लेखनीय है कि समारोह का शुभारंभ सोनपैरी माता की पूजा-अर्चना, विशाल कलश यात्रा, मानसिक पूजन एवं गुरुपूजन के साथ हुआ था। पूरे आयोजन में दूर-दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं, साधक-शिष्यों, मातृशक्ति एवं युवाओं की सहभागिता से वातावरण शिवमय बना रहा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आगामी धार्मिक कार्यक्रमों में अधिकाधिक सहभागिता की अपील की।

## मुड़तराई स्कूल में सरदार पटेल की मनाई जयंती



**सुरसाबांधा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुड़तराई में भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान, देशी रियासतों के एकीकरण तथा अखंड भारत के निर्माण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपनाकर राष्ट्रहित, अनुशासन, एकता और सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूरे विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रुपेश वर्मा, दिजलाल जांगड़े, वीरेंद्र साहू एवं प्रमोद कैवर्त सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी तथा सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नया यूनिफॉर्म पाकर खिले बच्चों के चेहरे



**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ शासन के महत्वपूर्ण निशुल्क गणवेश वितरण योजना के तहत मंगलवार को शासकीय प्राथमिक शाला खोलीपारा में गणवेश वितरण का कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष किशोर सोनकर, प्रधानपाठक बुधेश्वर ध्रुव, शिक्षक रमेश साहू, रेखा साहू ,प्रीति साहू, धनेश्वरी ध्रुव की उपस्थिति में गणवेश का वितरण किया गया। नया गणवेश पाकर बच्चे खुश हुए।

# छात्र संगठन का गठन, विभिन्न पदों पर छात्राओं को मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र संगठन का गठन किया गया। विद्यालय में छात्राओं के नेतृत्व, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर छात्राओं का चयन किया गया। नवगठित छात्र संगठन में कुमारी रानू जायसवाल को शाला नायिका, कु. छमेश्वरी ध्रुव को उप शाला नायिका, कु. रश्मि यदु को सचिव, कु. दुर्गा यादव को गाइड प्रभारी, कु. फाल्गुनि ओटीको रेडक्रॉस प्रभारी, कु. यशोदा ध्रुव को मीडिया प्रभारी, कु. प्रतिभा साहू को स्वच्छता प्रभारी, कु. खुशी ध्रुव को क्रीड़ा प्रभारी, कु. वर्षा कोमरा को अनुशासन प्रभारी तथा कु. डोमेंश्वरी धनुषधारी को सांस्कृतिक प्रभारी नियुक्त किया गया। कक्षा 12वीं बायो कु. चेतना साहू, कॉमर्स कु. झरना देवांगन, मैथ्स कु. रश्मि देवांगन, आर्ट्स कु. लिलीश्वरी सिन्हा कक्षा 11वीं,बायो कु. जिज्ञासा ध्रुव, कॉमर्स कु. नेहा निषाद, मैथ्स कु. त्रिवेणी सोरी, आर्ट्स कु. खुशबू सोरी कक्षा 10वीं, बैंकिंग कु. मोनेश्वरी ध्रुव, रिटेल कु. दुर्गा दुबे,संस्कृत कु. खुशी सोनवानी कक्षा 9वीं, बैंकिंग कु. मेघा सिन्हा, रिटेल कु. यशकुमारी नेताम, संस्कृत कु. उर्वशी मरकाम विद्यालय के प्राचार्य आशा रानी चतुर्वेदी विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता कृष्ण कुमार साहू, चंद्रावती सिन्हा, सीमा सिंह, भूपत कुमार कन्नौजे, लॉरेंस महिलाने, रेखा प्रधान, हेमंत कुमार वर्मा, नेहा जायसवाल, नागेंद्र कुमार देवांगन लोकेंद्र कुमार साहू, चंद्रप्रभा सेन, मोहन ध्रुव, युवराज कंवर, हुमेश्वरी ठाकुर, डोमेश्वर ध्रुव, पूर्णिमा देवी ध्रुव, भूखन भामनी ,पूनम,शिक्षकों ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि छात्र संगठन विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं नेतृत्व क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। चयनित छात्राओं ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया।

### वीआईपी सुरक्षा के नाम पर सरकार का प्रति महीना करोड़ों खर्च : राकेश

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार मिलकर वीआईपी सुरक्षा के नाम से जेड प्लस, वाई प्लस और जेड श्रेणी



की सुरक्षा के नाम पर प्रतिमाह करोड़ों रुपए का खर्च किया जा रहा है। कुछ वीआईपी को छोड़कर बाकी कई बस्तर के पुराने राजा हैं और कई ऐसे और भी अधिकारी हैं, जिन्हें सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है या फिर वह स्वयं ही उतने मजबूत है कि अपना खर्च स्वयं कर सकते हैं। कई राजाओं के पास हजारों एकड़ जमीन है, करोड़ों रुपए की इनकम है, फिर भी सरकारी खजाने से करोड़ों रुपए खर्च किया जा रहा है। यह आम जनता में सीधा बोझ है। बिजली और महंगाई आम जनता झेलती है और सरकारी खजाने से करोड़ों रुपए कुछ लोगों के पीछे राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों खर्चा कर रही है।

# छुरा में 16 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



नगर के धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण को भक्तिमय बनाने के उद्देश्य से मानस मंदिर समिति एवं समस्त नगरवासी छुरा के तत्वावधान में 16 जुलाई 2026, गुरुवार को भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार रथ यात्रा का शुभारंभ दोपहर 3:00 बजे मानस मंदिर प्रांगण छुरा से पूरे विधि विधान के साथ होगा। रथ यात्रा में भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा के दिव्य विग्रहों की नगर भ्रमण यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, युवा एवं बच्चे शामिल होकर भजन-कीर्तन और जयघोष के साथ सहभागिता करेंगे। रथ मानस मंदिर प्रांगण से नगर भ्रमण करते हुए छोटे राजमहल में पहुंचेगी। इस वर्ष रथ यात्रा का प्रमुख आकर्षण भगवान श्री नृसिंह की भव्य झांकी तथा पारंपरिक ओडिशा नृत्य रहेगा, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। पूरे मार्ग को आकर्षक सजावट, फूलों एवं धार्मिक ध्वजों से सजाया जाएगा, जिससे नगर में उत्सव का वातावरण रहेगा। आयोजन समिति ने नगर एवं आसपास के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें तथा रथ यात्रा को सफल एवं भव्य बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। भव्य दिव्य विशाल रथ आकर्षण का केंद्र रहता है प्रतिवर्ष इस के लिए पूरी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इस दिव्य तैयारी में मानस समिति के अध्यक्ष ओंकार शाह, यशपेंद्र शाह, बजरंग पांडेय, शीतल ध्रुव सचिव, विशेश्वर दीवान कोषाध्यक्ष, कामता प्रसाद तिवारी, यज्ञेश प्रसाद पांडेय पुजारी, भोला पांडेय, गोपाल सोनी, निखिल साहू, नीरज नायक, मोनू सेन, मिथलेश सिन्हा, विमल पुरोहित, अर्जुनधनंजय सिन्हा, नरेंद्र पटेल , विक्कू चंद्राकर, ललित राठौर, अखिल चौबे, कुश साहू जुटे हुए हैं।

## बाजार सजते ही चंद मिनटों में बिक जाता है पूरा स्टॉक

# बाजार में पहुंचा खेक्सी और बोड़ा, 400 रुपए किलो हाथों-हाथ बिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के इंदिरा मार्केट में इन दिनों मौसमी और पारंपरिक सब्जियों की बहार दिखाई देने लगी है। पिछले दो दिनों से बाजार में इस सीजन की सबसे पसंदीदा सब्जियां खेक्सी और बोड़ा पहुंच चुकी हैं। दोनो सब्जी की कीमत 400 रुपये प्रति किलो होने के बावजूद खरीदारों का उत्साह कम नहीं हुआ है। सुबह करीब साढ़े नौ से दस बजे के बीच जैसे ही बाजार सजना शुरू होता है, वैसे ही लोग थैला लेकर इन सब्जियों की खरीदारी के लिए पहुंच जाते हैं। देखते ही देखते पूरा स्टॉक बिक जाता है। खेक्सी को इस क्षेत्र की सबसे पसंदीदा बरसाती सब्जियों में गिना जाता है। यह महासमुंद जिले के तेंदुकोना क्षेत्र से बाजार में पहुंच रही है। वहीं बोड़ा पूरी तरह जंगली बरसाती सब्जी है, जिसका स्वाद और पौष्टिकता लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। बरसात के मौसम में इन दोनों सब्जियों का इंतजार लोग पूरे साल करते हैं। महंगी होने के बावजूद लोगों की खरीदारी जारी है। हर कोई एक किलो नहीं खरीद पा रहा, लेकिन आधा किलो, एक पाव या आधा पाव लेकर भी मौसम के इस खास स्वाद का आनंद लेना चाहता है। यही कारण है कि बाजार में आते ही इनकी बिक्री सबसे पहले पूरी हो जाती है। इंदिरा मार्केट की एक सब्जी विक्रेता महिला ने बताया कि जैसे ही वे मंडी से खेक्सी और बोड़ा लेकर पसरा लगाती हैं, सबसे पहले यही दोनों सब्जियां बिक जाती हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल दोनों सब्जियां 400 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रही हैं।

### परंपरा और स्वाद के सामने कीमत का असर नहीं

इसके अनुसार आधा किलो 200 रुपये और एक पाव 100 रुपये में बेचा जा रहा है। मांग इतनी अधिक है कि कुछ ही समय में पूरा सब्जी खत्म हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खेक्सी और बोड़ा केवल सब्जियां नहीं, बल्कि बरसात के मौसम की पहचान हैं। हर साल इनकी पहली खेप का लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। यही वजह है कि कीमत अधिक होने के बावजूद स्वाद और परंपरा के सामने महंगाई भी फीकी पड़ जाती है। बरसात के साथ बाजार में आई इन मौसमी सब्जियों ने नवापारा-राजिम के बाजार में एक बार फिर रौनक लौटा दी है और खरीदारों के चेहरों पर अलग ही खुशी देखने को मिल रही है।



